सार-समाचार

अमन शांति की दुआ मांगी

छबड़ा (निसं)। कस्बे में मुस्लिम समाज द्वारा सोमवार को ईदउल फ़ितर (मीठी ईद) का त्यौहार हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया। इस दौरान समाज के लोगो ने सुबह 8 बजे क़स्बे की ईदगाह पर ईद की नमाज अदा की तथा मुल्क में अमन चैन शांति व भाईचारे की दुआए मांगी। इससे पूर्व रविवार की शाम ईद का चांद नजर आया इस पर नवाबी परंपरा के अनुसार चांद को 7 तौपों की सलामी दी गयी। सदर साजिद खान व नायब सदर मुश्ताक मोहम्मद ने बताया कि क़स्बे में सोमवार को ईद का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह 8 बजे क़स्बे की ईदगाह पर शहर काज़ी मौलाना इज़हार हुसैन क़ासमी ने ईद की नमाज़ अदा करवाई तथा नमाज़ के बाद मुल्क में अमन, चैन, शांति, भाईचारा बने रहने सहित बीमारियों से मुक्ति मिलने को लेकर दुआएं मांगी गई। साथ ही शहर काज़ी मौलाना इज़हार हुसैन क़ासमी ने त्यौहार को आपसी सौहार्द व मिलजुल कर खुशियों के साथ मनाए जाने की अपील की तथा बच्चो को ज़्यादा से ज़्यादा शिक्षा दिलवाए जाने का आह्वान किया। उसके बाद ईद का खुतबा पढा गया। साथ ही समाज के लोगो ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देकर व सेवइयां खाकर छोटे बच्चों को ईदी दी गई। ईदी पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस प्रशासन द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गई तथा पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

कहासुनी को लेकर झगड़ा, एक की मौत

कोटा, (निसं)। जिला बूंदी के तालेड़ा थाना क्षेत्र में आपसी कहासुनी को लेकर दो पक्षों में झगडा हो गया। जिसमें एक जने की मौत हो गई। दरअसल जालोदा रोड पर किसी बात को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में घायल हुए व्यक्ति को उपचार के लिये परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। तालेड़ा थानाधिकारी अजित सिंह बागडोलिया ने बताया कि जालोदिया गांव निवासी लोकेन्द्र सिंह के भाई नरेश ने रिपोर्ट दी है। थानाधिकारी ने बताया कि रिपोर्ट में कहा कि रविवार शाम को उसका भाई लोकेन्द्र और अन्य धर्मराज खाना खाने तालेड़ा में ढाबे पर गये थे, वहां से वापस आते समय जालोदा रोड पर बिट्टू बना व अन्य मिला और किसी बात को लेकर हुई आपसी कहासुनी में बिट्टू बना व अन्य ने लोकेन्द्र के साथ मारपीट कर दी। थानाधिकारी ने बताया कि मारपीट के बाद हमलावर व घायल दोनों मौके से चले गये। मारपीट में घायल लोकेन्द्र की तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

राख से भरे ट्रक में लगी आग

कोटा, (निसं)। कोटा नेशनल हाईवे 27 पर हैगिंग ब्रिज के समीप रविवार देर रात्रि को राख से भरे ट्रक में अचानक से आग लग गई, गनीमत रही कि समय रहते ट्रक चालक व खलासी ट्रक से उतर गये जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। आग की सूचना पाकर अग्निशमन विभाग की एक दमकल मौके पर पहुंची और ट्रक में लगी आग पर काबू पाया गया। अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि नेशनल हाईवे पर हैगिंग ब्रिज के पास एक ट्रक में आग लगने की सूचना मिली। जिस पर एक दमकल को मौके पर भेजा गया। उन्होने बताया कि ट्रक थर्मल फैक्ट्री से राख भरकर चितौड़ की ओर जा रहा था। ट्रक में आग की लपटे देख ट्रक चालक ने ट्रक को साइड में खडा किया और ट्रक चालक व खलासी दोनों समय रहते ट्रक से उतर गये। राकेश व्यास ने बताया कि आग लगने का प्रथम दृष्टया से कारण ट्रक के इंजन के पास शॉट सर्किट सामने आया है एक दमकल की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

ईदगाह में नमाजियों ने नमाज अदा की

झालावाड़ (निसं)। रमजान के पाक महीने के समापन के बाद सोमवार को जिले भर में ईद का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया झालावाड़ शहर के ईदगाह परिसर में भी मौलाना अब्दुल मन्नान ने ईद की नमाज अदा करवाई और मुल्क में अमन और चैन की दुआएं मांगी गई इस दौरान झालावाड़ ईदगाह में कुछ लोगों ने केंद्र सरकार के वक्फ बोर्ड को समाप्त करने के लिए लाए जा रहे बिल का विरोध किया उन्होंने ईदगाह पर अपनी बांह पर काली पट्टी बांध ईद की नमाज अदा की। ईद त्योहार आपसी भाईचारे, दान और खुशियों के प्रतीक रूप में मनाया जाता है इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान के पाक महीने के बाद शव्वाल की पहली तारीख को इस त्योहार को मनाने की परंपरा चली आ रही है आज मुस्लिम सुबह झालावाड़ में ईदगाह पर पहुंचे और नमाज अदा कर एक दूसरे को ईद उल फितर की मुबारकबाद दी कई जगह वक्फ बोर्ड बिल का विरोध किया जा रहा है ऐसे में कुछ युवा बांह पर काली पट्टी बांधकर ईद की नमाज अदा करने पहुंचे थे।

वाटर कूलर का शुभारंभ

छीपाबड़ौद (निसं)। शिक्षक रमेशचन्द कुशवाह ने पिता स्वर्गीय पूनम चंद कुशवाह अध्यापक व पुत्र स्वर्गीय हेमंत कुशवाह की पुण्य स्मृति में कुशवाह समाज मंदिर पर हिंदू नव वर्ष के मौके पर वाटर कूलर लगाया है। शिक्षक रमेश कुशवाह की माताजी मथरी बाई कुशवाह द्वारा पूजा अर्चना कर वाटर कूलर का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुशवाह समाज अध्यक्ष ब्रजमोहन कुशवाह ने कहा कि परिजनों की स्मृति में वाटर कूलर लगाना पुनीत कार्य है। वाटर कूलर से गर्मी के समय में लोगों को शीतल जल पीने के लिए मिलेगा। इस अवसर पर जनरल कोटवाल जगमोहन कुशवाह, भगवान सिंह कुशवाह वार्ड पंच,जितेन्द्र कुशवाह मीडिया प्रभारी,लक्ष्मी चंद कुशवाह कवि, कौशल कुशवाह, भागचंद कुशवाह कोटवाल, खेमराज टेलर, रामनारायण कुशवाह, ओमप्रकाश,हुकुम कुशवाह, हरिकिशन, गोविंद, केदार,विष्णु, हरीश शर्मा, ज्ञान सिंह कुशवाह, कमल सिंह कुशवाह सहित समस्त पंचायत के सदस्य मौजूद रहे।

ऊर्जा मंत्री नागर क्षेत्र के दौरे पर रहे

कोटा, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर सोमवार को सांगोद विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। मंत्री नागर ने दीगोद, सांगोद समेत विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर हिंदू नववर्ष की राम-राम की और कार्यकर्ताओं को नवरात्र व राजस्थान दिवस की बधाई दी। इस दौरान वे गंदीफली बड़ौदिया स्थित चौथ माता मंदिर पर आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा में भी शामिल हुए। उन्होंने श्री चौथ माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंत्री नागर ने सांगोद के बैसार गांव और कनवास में सगाई समारोह में हिस्सा लिया। साथ ही, पीसाहेड़ा में स्वर्गीय रामभरोस मालव और सांगोद में स्वर्गीय देवीलाल सुमन के शोकाकुल परिवार से भी मिले। इससे पहले कोटा में अपने निजी आवास पर लोगों से अभाव उद्योग सुने और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।

युवक ट्रेन के आगे आया, गंभीर घायल

छबड़ा (निसं)। छबड़ा रेलवे लाईन पर गुगोर फाटक के पास सोमवार को एक युवक अचानक मेमू ट्रेन के आगे आ गया। जिससे युवक को गंभीर अवस्था में छबड़ा चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां से बारां रैफर कर दिया गया है। आरपीएफ के उपनिरीक्षक श्रीकृष्ण शर्मा ने बताया कि दोपहर सवा तीन बजे करीब गुना की तरफ से कोटा जाने वाली मेमू ट्रेन के चालक ने सूचना दी कि गुगोर फाटक के पास एक युवक ट्रेन के आगे आने से गंभीर घायल हो गया। उनकी सूचना पर वे जवानो सहित मौके पर पहुंचे तो युवक की पहचान छबड़ा के टोडी मोहल्ला निवासी रामचंद्र कुषवाह (18) पुत्र नंदकिषोर के रूप में हुई। युवक के सिर पर गंभीर चोट होने से छबडा चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। जहां से युवक को बारां रैफर कर दिया हैं।

जंगल में लगी आग पर काबू पाया

छबड़ा (निसं)। बापचा क्षेत्र हनुवतखेड़ापार गांव के जंगल में अज्ञात कारणो से सोमवार को आग लग गई। जिसे दमकलो की मदद से बुझा दिया गया हैं। अग्निशमन दल के प्रभारी रवि यादव ने बताया कि तहसीलदार के माध्यम से उन्हे सूचना मिली कि ग्राम पंचायत बापचा के हनुवतखेडापार के जंगल में अज्ञात कारणो से आग लग गई हैं। इस पर छबड़ा व प्लांट की दमकलों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और गेहूं की फसल को सुरक्षित बचाया। यहां फायरमेन नरेष सांखला व ड्राईवर बालकराम साथ थे।

दीपयज्ञ किया

छबड़ा (निसं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा नंदकंवर के यहां दीपयज्ञ किया गया। जिसमें सभी बहनों द्वारा गायत्री महामंत्र से आहुतियां समर्पित की गई। यहां ट्रस्टी छीतरलाल गुर्जर, प्रीतमसिंह मेहता, रामचरण प्रजापति, नवल किशोर प्रजापति, सीताराम, धापूबाई प्रजापति, प्रार्थना बाई मेहता, पीयूष सोनी आदि ने दीपयज्ञ में भाग लिया।

चैत्र नवरात्र में चमत्कारिक सिद्धपीठ श्री फलौदी माता मंदिर पर अलौकिक दर्शन

■ खैराबाद के मंदिर परिसर में 9 दिवसीय कन्याभोज में दिखा उत्सवी वातावरण

कोटा, (निसं)। अ.भा. मेडतवाल (वैश्य) समाज की चमत्कारिक सिद्धपीठ मंदिर श्री फलौदी माताजी महाराज, खैराबाद में चैत्र नवरात्र महोत्सव पर नियमित 1400 से अधिक बच्चों के लिये सामूहिक कन्याभोज आयोजित किया जा रहा है। विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु नवरात्र में इकलौते अष्टकोणीय देवी मंदिर के गर्भगृह में श्रीफलौदी माताजी के अलौकिक दर्शन व पूजा अर्चना करने पहुंच रहे हैं।

मंदिर श्री फलौदी माताजी महाराज समिति के नवरात्र पर्व संयोजक मोहनलाल चौधरी ने बताया कि चैत्र नवरात्र में इस पौराणिक सिद्धपीठ में 9 दिन तक 15 हजार से अधिक बच्चों का सामूहिक कन्याभोज धार्मिक आस्था, एकता व सद्भाव की अनूठी मिसाल है। सभी समुदायों के भक्त चमत्कारिक श्री फलौदी माताजी के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। अष्टमी महापर्व पर विशेष महाआरती व दर्शन के लिये सैकडों श्रद्धालु सपरिवार यहां पहुंचते हैं। प्राचीन मान्यता है कि नवरात्र के 9 दिन मध्यरात्रि में माताजी स्वयं जलकुंड तक विचरण करती हैं। नवरात्र पर्व व्यवस्था समिति के प्रभारी बालमुकुंद गुप्ता थानेदार, पुरूषोत्तम चौधरी, दिलीप गुप्ता जुल्मी वाले ने बताया कि मंदिर परिसर में नवरात्र स्थापना 30 मार्च से 6 अप्रैल रामनवमी तक समाजबंधुओं के सहयोग से खैराबाद कस्बे में सभी वर्गों के छोटे बच्चों के लिये कन्याभोज जारी है। मान्यता है कि नवरात्र में फलदायिनी मां फलौदी के दर्शन कर जो निर्धन कन्याओं को भोजन करवाते हैं, उनकी मनोकामनायें अवश्य पूरी होती है।

चैत्र नवरात्र में चमत्कारिक सिद्धपीठ श्री फलौदी माता का अलौकिक श्रृंगार किया गया है।

दुर्गा की द्वितीय ब्रह्मचारिणी है मां फलौदी:- मंदिर पुजारी पं. अशोक द्विवेदी ने बताया कि महादेवी श्रीफलौदी माताजी महाराज अनेक रूप रूपाय महालक्ष्में नमोस्तुते के रूप में विराजित हैं। दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी तीनों देवियों की शक्तियां मां फलौदी में अंतर्निहित हैं। मां फलौदी को दुर्गा की द्वितीय ब्रह्मचारिणी का रूप माना गया है। वे 6 ऐश्वर्य से सम्पन्न हैं, इसलिये देवी नाम के आगे श्री लिखा जाता है। उनके एक उंचे हस्त में दुर्गा का वास और दूसरा हस्त नीचे वरद मुद्रा में हैं, जो लक्ष्मी स्वरूप है। गदा-पदम लक्ष्मी के पास होते हैं, इसलिये अनन्त फल देने वाली फलौदी माताजी को गदा पदमधारी माना गया है। श्रेष्ठ देवी स्वरूप होने से मां फलौदी को महाराज कहकर पुकारा जाता है। दुर्गा ब्रह्मचारिणी रूप में चैत्र नवरात्र पर्व में 9 दिन यहां विशेष अनुष्ठान एवं कन्याभोज होता हैं। मां फलौदी मंदिर के गर्भगृह में सन 1960 से अखंड ज्योति प्रज्जवलित है। दीपो मृत्यु विनाशन: अर्थात् यह अखंड ज्योति भक्तों के मृत्यु तुल्य कष्टों को नष्ट कर देती है।

मंदिर में पवित्र जलकुंड:- इस ऐतिहासिक सिद्धपीठ पर सभी राज्यों से विभिन्न जाति-वर्ग के श्रद्धालु वर्षपर्यंत दर्शन करने आते हैं। वैष्णव परंपरा से मंदिर में रोज मंगला दर्शन व भोग, श्रृंगार दर्शन, आरती, राजभोग व रात्रि में शयन आरती होती है। मंदिर का गर्भगृह स्वर्णिम आभा से आलोकित है। मंदिर में सोने, चांदी व कांच की दैदीप्यमान कारीगरी व चित्रांकन दर्शनीय है। गुम्बदों पर अनूठी वास्तुकला है। मंदिर प्रांगण में एक प्राचीन जलकुंड (बावड़ी) है, जिसके जल में दैविक शक्तियां का विचरण होता है।

गणगौर पर्व धूमधाम से मनाया

छबड़ा (निसं)। गणगौर पूजा राजस्थान, हरियाणा और मध्य प्रदेश सहित भारत के उत्तरी प्रांतों का लोकप्रिय पर्व है। विवाहित महिलाओं और कुंवारी कन्याओं के लिए यह पूजा बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। पौराणिक कथा के अनुसार, इस दिन को प्रेम का जीवंत प्रतीक माना जाता है। इस दिन भगवान शिव ने देवी पार्वती को और देवी पार्वती ने संपूर्ण नारी समाज को सौभाग्यवती होने का वरदान दिया था। जो सुहागिनें गणगौर का व्रत रखती है और शिव-पार्वती की पूजा करती हैं, उनके पति की उम्र लंबी हो जाती है। वहीं जो कुंवारी कन्याएं गणगौर का व्रत रखती हैं, उन्हें आदर्श जीवन-साथी का वरदान प्राप्त होता है। इस पर्व को सोलह दिनों तक मनाया जाता है। मिट्टी से ईशर और गौरा का निर्माण करके पूजा की जाती है। गणगौर का पर्व चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तीज को मनाया जाता है। यह होली के दूसरे दिन ही प्रारंभ हो जाता है और सोलह दिनों तक चलता है। माना जाता है कि गौरा अपने पीहर आती है, तो पीछे-पीछे ईशर भी उसे लेने आ जाते हैं और फिर चैत्र शुक्ल द्वितीया तथा तृतीया को गौरा को अपनी ससुराल के लिए विदा कर दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि कहीं-कहीं इस दिन को भगवान शिव और पार्वती के प्रेम और विवाहोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। कई महीनों के अलगाव के बाद शिव और पार्वती फिर एक साथ आते हैं।

सामूहिक जनेऊ संस्कार संपन्न

कोटा, (निसं)। श्री झूलेलाल सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश गोपालानी ने बताया कि सोमवार को चेट्रीचण्ड्र महोत्सव के उयलक्ष में श्री झूलेलाल मंदिर, रामतलाई मैदान, सूरजपोल, पर सुबह 41 बालकों (बटुकों) को सामूहिक जनेऊ आचार्य जयदेव शर्मा के द्वारा धारण करवाये गये।

समिति के महामंत्री हरि प्रकाश पंजवानी ने बताया कि जनेऊ धारण करने वाले बटुकों को आशीर्वाद देने हेतु श्री प्रेम प्रकाश आश्रम, कोटा के संत श्याम लाल का आगमन मुख्य अतिथि के रुप में हुआ। जनेऊ के उपरांत भक्ति संगीत, लादे (शुभ कारज संगीत) का कार्यक्रम गायक दिनेश अजवानी एण्ड पार्टी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

समिति के सांस्कृतिक मंत्री जय कुमार चंचलानी ने बताया कि दोपहर 12 बजे से सभी मेहमानों, धर्मप्रेमियों और आमजन के लिये आम भण्डारा किया गया जिसमें हजारों लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश दयानी ने समिति की तरफ़ से सभी समाज बन्धुओं ने सफल आयोजन के लिये अपना सहयोग और समर्थन देने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा जनेऊ धारण करने वाली सभी बालकों एवं उनके परिवारजनों को बधाई दी।

जेके फैक्ट्री के मजदूरों ने धरना स्थल पर ही ईद व गणगौर की बधाई दी

कोटा, (निसं)। बकाया वेतन भुगतान करने की मांग को लेकर जिला कलेक्टरी पर जेके फैक्ट्री के मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है। धरने को संबोधित करते हुए कामरेड नरेंद्र सिंह ने कहा की धरने का सोमवार को 42वां दिन है ओर आज देश भर लोग गणगौर ओर ईद का त्यौहार मना रहे है।

उन्होंने कहा कि वेतन भुगतान दिलाने की मांग को लेकर हमारा आंदोलन उस समय तक जारी रहेगा जब तक सरकार कोर्ट के आदेश को लागू कर 4200 मजदूरों को फैक्ट्री की तरफ बकाया वेतन 250 करोड़ से अधिक को धरने में होने वाले खर्च को जोड़कर कर मय ब्याज 500 करोड़ से अधिक बकाया वेतन को जेके फैक्ट्री के मजदूरों को बांट नहीं देगी ओर फैक्ट्री की मशीनों को चोरी करने वालों पर सख्त कार्यवाही नहीं करेगी। मजदूर नेताओं ने यह भी कहा की जेके फैक्ट्री के मजदूरों ने धरने की एकजुटता बनाये रखने ओर सफल बनाने के संकल्प के साथ गणगौर ओर ईद का त्यौहार धरना स्थल पर ही एक दूसरे को बधाईया देकर मनाया है।

जेके फैक्ट्री के श्रमिक धरना स्थल पर ईद मनाते हुए।

गणगौर के गोने एवं सिवाइया खिलाकर एक दूसरे का मुँह मीठा कराया साथ ही सभी साथियों ने संकल्प लिया की 8 अप्रेल को होने वाले धरने की सभा को सम्बोधित करने एवं समर्थन देने आ रहे सीकर से सीपीआईएम के सांसद कामरेड अमराराम की सभा मे ज्यादा से ज्यादा मजदूरों, किसानों ओर आमजन को धरने में शामिल करने का काम घर घर जाकर सीटू यूनियनों के मजदूर नेता करेंगे कामरेड हबीब खान, कामरेड उमाशंकर ने धरने को सम्बोधित करते हुए कहा साथियों कामरेड अमराराम लोकसभा सदस्य बनने के बाद पहली बार कोटा पधार रहे है उनका स्वागत कोटा में गर्मजोशी के साथ होना चाहिए।

इसके लिए कोटा जिले के हर गांव से मजदूर, किसान, छात्र, युवा नौजवान ओर महिलायें अधिक से अधिक 8 अप्रेल के धरने शामिल होने की कोशिश करे। 42वें दिन धरने को कामरेड हबीब खान, उमाशंकर, गोपाल शर्मा, कालीचरण, हनुमान सिंह, योगेशचंद, अली मोहम्मद, महिला मजदूर जाहिदा बानो, मरियम बानोबी आदि मजदूर नेताओं ने धरने को सम्बोधित किया।

होली मिलन समारोह 12 अप्रैल को

कोटा, (निसं)। ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब का नव संवत्सर एवं होली मिलन समारोह 12 अप्रैल को पुरुषार्थ भवन गोबरिया बावड़ी चौराहा पर सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील माथुर की अध्यक्षता में तैयारी बैठक का आयोजन 80 फीट रोड पर किया गया जिसमें संरक्षक मंडल एवं कार्यकारिणी ने होली मिलन समारोह की तैयारियों पर चर्चा की। सुनील माथुर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष एवं ओम बिरला होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर करेंगे, विशिष्ट अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा एवं लाडपुरा विधायक कल्पना देवी होगी। माथुर ने कहा कि इस अवसर पर शहर के प्रबुद्ध जनों एवं सहयोग कर्ताओं का सम्मान किया जाएगा।

नाम परिवर्तन

मेरा पुराना नाम नरोत्तम मेघवाल S/o स्व. श्री सीताराम मेघवाल से बदलकर नया नाम नरोत्तम वर्मा S/o स्व. श्री सीताराम मेघवाल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

नरोत्तम वर्मा
58-A वीर सावरकर नगर कोटा
मो. 9982583795

खोया पाया

मैं विन्सेन्ट ऑस्टिन मेरे अकाउन्ट नंबर 924010000868240 एक्सीस बैंक की चैक बुक नंबर 000013 से 000020 रास्ते में कही गिर गई है। जिस किसी को मिले निम्न पते पर सम्पर्क करें।
पता-7-एम-46 महावीर नगर तृतीय कोटा

25 साल मुद्रा संग्रह के लिए लकेश डंडोना को मिला मुद्रा भूषण अवार्ड

कोटा, (निसं)। तीन दिवसीय कोटा मुद्रा उत्सव का समापन उत्साह, उमंग और मन में नई जिज्ञासाओं के साथ हुआ। मुद्रा उत्सव में हजारों लोगों ने 2700 साल पुरानी विभिन्न विरासतों और देश विदेश की मुद्राओं को देखा और आश्चर्य व्यक्त कर सुखद अनुभूति का अहसास किया।

चेयरमैन लकेश डंडोना ने बताया कि कोटा फिलाटेली एवं न्यूमिजमाटिक सोसाइटी, रोटरी क्लब कोटा उत्तर के सहयोग से इसका आयोजन किया गया जिसमें देशभर से कोइन के संग्रहकर्ता का ने अपनी करंसी को प्रदर्शित किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि रोटरी की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3056 राखी गुप्ता रही। समापन समारोह के दौरान 25 साल से यूनीक मुद्रा संग्रह के लिए मुद्रा भूषण अवार्ड लकेश डंडोना को दिया गया, जबकी नई पीढ़ी द्वारा इस संग्रह को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाने वाले बारां के योनिशा बंसल को विरासत के नन्हें सरजात का अवार्ड दिया गया। वहीं विरासत के संरक्षण का अवार्ड शिवचन्द्र सबलोक को दिया गया। लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड जगमोहन भाई, एसएल जैन गोगाजी दिल्ली, हरबंस लाल गर्ग संगरूर, डॉ. अक्षय कुमार जैन दिल्ली एवं गोपाल लाल पालीवाल को दिया गया। इस आयोजन में विरासत के संरक्षक, मुद्रा प्रेमी, मुद्रा मित्र अवार्ड भी दिए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष रोटरी क्लब कोटा नोर्थ, सुरेन्द्र अग्रवाल, सचिव रोटरी क्लब कोटा नोर्थ गौरव सूद, सोसायटी के अध्यक्ष नारायण चांडक, सोसायटी सचिव राम अवतार सारडा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र के.आर. कात्याल, अध्यक्ष रोटरी क्लब कोटा नोर्थ, सुरेन्द्र अग्रवाल, सचिव रोटरी क्लब कोटा नोर्थ गौरव सूद का विशेष सहयोग रहा।

चेयरमैन लकेश डंडोना ने बताया कि इस प्रदर्शनी में भारत का ऐसा इतिहास और उससे जुड़ी वस्तुएं रखी गई जो अपने आप में यूनीक थी, मुख्य अतिथि रेखा गुप्ता ने इस दौरान कहा कि यह एक जुनून का कार्य है, देश विदेश के संग्रह में जहां लम्बा समय लगता है वहीं काफी अर्थ की भी आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि यह कार्य काफी सराहनीय है।

एसडीपी डोनेट की

कोटा, (निसं)। टीम जीवनदाता पर्व, उत्सव व हर परिस्थिति में सेवा के लिए तत्पर रहते हुए आमजन की सेवा कर रही है।

सोमवार को ईद, गणगौर, नवरात्र के बाद भी सेवा का कार्य निरंतर जारी रहा और एक अनजान बहन को अनजान भाई ने नवरात्र का व्रत उपवास होने के बाद भी माता की सेवा मानकर एसडीपी डोनेट की है। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि निजी अस्पताल में भर्ती कविता का ऑपरेशन किया जाना था, लेकिन एबी पॉजीटिव के लिए पति रामचन्द्र और भाई परेशान हो रहे थे। टीम जीवनदाता के भुवनेश गुप्ता से सम्पर्क किया तो जरूरतमंद को आश्वस्त किया गया और संजय मित्तल को कॉल किया।

संजय मित्तल नवरात्र के व्रत की पूजा कर रहे थे, लेकिन पत्नी के माध्यम से जब एक अनजान बहन के लिए एसडीपी की बात कही तो वह सहज तैयार हो गए और उन्होंने अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचकर 63वीं बार एसडीपी डोनेट की है। वह इससे पूर्व 65 बार रक्तदान कर चुके हैं।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री अनिल बेरा पुत्र श्री मधुसूदन बेरा निवासी तिवारी आर्ट्स के सामने मेन रोड श्रीपुरा कोटा (राज.) द्वारा उनके स्वामित्व के आवास संख्या 22/206 काका-भतीजा मंदिर के पास मोखापाड़ा लाडपुरा कोटा (राज.) क्षेत्रफल 384 वर्गफुट है, को रेपको होम फाईनेन्स लिमिटेड शाखा कोटा में रहन रख ऋण प्राप्त किया जा रहा है। उक्त सम्पत्ति श्री अनिल बेरा पुत्र श्री मधुसूदन बेरा ने श्री विशाल उपाध्याय से जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रय की थी। उक्त विक्रय पत्र का पंजीयन कार्यालय उप पंजीयक कोटा के यहां दिनांक 02.09.2024 को क्रम संख्या 202403123113907 पर हो रहा है। वर्तमान में उक्त सम्पत्ति केपरी ग्लोबल हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड में रहन चल रही है।

यह कि उक्त सम्पत्ति को रहन कर ऋण देने के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता को 5 दिवस के भीतर सूचित कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय
कमल गुप्ता एडवोकेट
एम.पी.ए. 53 महावीर नगर द्वितीय कोटा
मो. 9414288889

मंत्री दिलावर के यहां दिनभर सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा

कोटा, (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के घर पर सांत्वना देने आने वाले तमाम नेताओं अधिकारीगणों का तांता लगा रहा।

कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के अतिरिक्त पूर्व मंत्री सुभाष महरिया, लाडपुरा (कोटा) की विधायक कल्पना देवी, राजगढ़ अलवर के विधायक सुखवंत सिंह, भीलवाड़ा के विधायक अशोक, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, रामलाल शर्मा पूर्व विधायक चौमू (जयपुर), भाजपा के प्रत्याशी रहे ओलंपियन खिलाड़ी देवेंद्र झांझरिया, राजसमंद जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा राजसमंद की जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, कोटा जिला कलेक्टर रविंद्र गोस्वामी, कोटा नगर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अमृता दुहन, किसान मोर्चा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हरिराम रिणवा, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष रामलाल, अलवर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, सीकर के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं व्यवसायी कमल सिखवाल सहित अन्य भाजपा नेता जनप्रतिनिधि तथा अधिकारीगण मंत्री दिलावर के आवास पर पहुंचे तथा भतीजे स्वर्गीय भंवरलाल दिलावर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि 10 दोनों चढ़ाना गांव में एक सड़क दुर्घटना में मंत्री दिलावर के भतीजे भंवर लाल दिलावर का निधन हो गया था।

कोटा में मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री मदन दिलावर के निवास पर पहुंचकर उनको भतीजे के निधन पर सांत्वना दी है।

58 वर्षीय भंवर दिलावर सरकारी शिक्षक थे तथा स्कूल की छुट्टी होने के उपरांत अपनी मोटर साइकिल से वापस घर लौट रहे थे। तभी यह दुखद हादसा घटित हुआ।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सा.नि.वि. वृत्त, कोटा

मैसर्स चेतक जैनको टोलवेज लिमिटेड, जयपुर

अनुबन्धानुसार कोटा जिले में कोटा से झरेल के बालाजी वाया ताथेड़ सुल्तानपुर गणेशगंज इटावा स्टेट हाईवे-70 के किमी 14/800 से 58/0 (43.200 किमी) पर बी.ओ.टी. परियोजना के तहत दिनांक 01.04.2025 से टोल की दरें अग्रिम 2 वर्ष तक निम्न प्रकार से प्रभावी रहेगी।

क्र. सं.	वाहनों का वर्गीकरण	पथकर की दरें (5 रू. के निकटतम गुणांक तक)	
		एक तरफा	वापसी यात्रा
1	2	3	4
1	(क) अकृषिक उपज ले जाने वाले ट्रेक्टर, ट्रालियों सहित (कृषि उपज ले जाने के लिये और ऐसे प्रयोजन के लिये रजिस्ट्रीकृत ट्रेक्टर ट्रॉलियों द्वारा कोई भी कर संदेय नहीं है।)	20.00	25.00
	(ख) टैम्पों, कारें, टेक्सियां, जीपें।	55.00	85.00
2	मोटर लारियों, बसें और अन्य भारी मशीनरी जैसे मिट्टी हटाने वाली मशीनरी और मिनी बसें।	145.00	215.00
3	(क) 5 टन तक रजिस्ट्रीकृत लदान भार वाले ट्रक	195.00	290.00
	(ख) 5 टन से अधिक के रजिस्ट्रीकृत लदान भार वाले ट्रक	290.00	440.00
4	मल्टी एक्सल ट्रक/ट्रेलर	485.00	725.00

टिप्पणी :- (5) यह लदान सहित और लदान रहित ट्रकों के लिये प्रभावी होगा। (6) उक्त अनुसूची में वर्णित पथककर की दरें 1 अप्रेल 2025 रात्रि 00.00 AM से लागू होगी। (7) In case a vehicle has to cross the facility / construction more than once i.e. To and Fro, such journey will be treated as one unit for charge of fee, for which the user shall have the option to pay one and half times the fee. This option shall be confined to journeys undertaken on the same day. यान द्वारा सन्निर्माण सुविधा से एक से अधिक बार गुजरने की दशा में अर्थात आने जाने को फीस के प्रभार के लिए ऐसी यात्रा को एक इकाई समझा जायेगा, जिसके लिए उपयोक्ता के पास डेढ़ गुणा फीस संदत्त करने का विकल्प होगा। यह विकल्प उसी दिन की गई यात्राओं तक सीमित होगा। (8) Monthly Passes ma be obtained by paying 30 times of the one time fees, mentioned in the schedule for using the facility /construction. मासिक पास वाले वाहन एकल यात्रा के निर्धारित शुल्क की 30 गुना दर पर मासिक पास प्राप्त कर सकेंगे।

(जे.पी. गुप्ता)
अधीक्षण अभियन्ता, सा.नि.वि.वृत्त कोटा